This question paper consists of 32 questions and 11 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 32 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं० **56/HIS/2**

Set/सेट **A**

ECONOMICS

अर्थशास्त्र

(318)

Day and Date of Examination .....

(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 56/HIS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 56/HIS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

ECONOMICS

अर्थशास्त्र

(318)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) *All* questions are compulsory.

(ii) Marks allotted to each question are indicated against it.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **10** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Select the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

निर्देश : (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(A), (B), (C) तथा (D) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

1. The coefficient of correlation ranges between

(A) 0 and 1 (B) –1 and +1

(C) – infinity and + infinity (D) 1 and 100 1

सहसंबंध गुणांक _____ के बीच होता है।

(A) 0 तथा 1 (B) –1 तथा +1

(C) – अनन्त तथा + अनन्त (D) 1 तथा 100

2. Expansion of demand leads to

(A) downward movement along the same demand curve

(B) upward movement along the same demand curve

(C) rightward shift of the demand curve

(D) leftward shift of the demand curve 1

माँग में विस्तार से होता है

(A) उसी माँग वक्र पर नीचे की ओर संचलन

(B) उसी माँग वक्र पर ऊपर की ओर संचलन

(C) माँग वक्र में दायीं ओर खिसकाव

(D) माँग वक्र में बायीं ओर खिसकाव

3. Average variable cost of producing 2 units of a good is ₹ 20 and that of producing 3 units is ₹ 19. Marginal cost when 3 units are produced is

(A) ₹ 17 (B) ₹ 18

(C) ₹ 19 (D) ₹ 20 1

किसी वस्तु की 2 इकाई के उत्पादन की औसत परिवर्ती लागत ₹ 20 है तथा इसकी 3 इकाई के उत्पादन की औसत परिवर्ती लागत ₹ 19 है। 3 इकाई का उत्पादन करने पर सीमान्त लागत है

(A) ₹ 17 (B) ₹ 18

(C) ₹ 19 (D) ₹ 20

4. An individual is both the owner and the manager of a shop taken on rent. Imputed value of salary of the manager is

(A) normal profit (B) variable cost

(C) implicit cost (D) explicit cost 1

एक व्यक्ति किराये पर ली गई एक दुकान का स्वामी तथा मैनेजर दोनों है। मैनेजर के वेतन का आरोपित मूल्य है

(A) सामान्य लाभ (B) परिवर्ती लागत

(C) अंतर्निहित लागत (D) स्पष्ट लागत

5. Computers installed in an office are

(A) consumption goods (B) intermediate goods

(C) non-durable goods (D) final goods 1

एक ऑफिस में लगाये गये कम्प्यूटर हैं

(A) उपभोक्ता वस्तुएँ (B) मध्यवर्ती वस्तुएँ

(C) गैर-टिकाऊ वस्तुएँ (D) अन्तिम वस्तुएँ

6. National income is greater than domestic income, when

(A) net factor income from abroad is zero

(B) net factor income from abroad is positive

(C) net factor income from abroad is negative

(D) the economy is a closed economy 1

राष्ट्रीय आय, घरेलू आय से अधिक होती है, जब

(A) विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय शून्य हो

(B) विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय धनात्मक हो

(C) विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय ऋणात्मक हो

(D) अर्थव्यवस्था एक बन्द अर्थव्यवस्था हो

7. Value added is a measure of contribution of

(A) a resident (B) a production unit

(C) an entrepreneur (D) a worker 1

मूल्य वृद्धि एक _____ के योगदान का मापक है।

(A) निवासी (B) उत्पादन इकाई

(C) उद्यमी (D) श्रमिक

8. Income in an economy increases from ₹ 1,000 crores to ₹ 2,000 crores and as a result consumption expenditure increases from ₹ 800 crores to ₹ 1,600 crores. The value of MPC is

(A) 1 (B) 2

(C) 0·8 (D) 0·2 1

एक अर्थव्यवस्था में आय ₹ 1,000 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,000 करोड़ हो जाती है और फलस्वरूप उपभोग व्यय ₹ 800 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,600 करोड़ हो जाता है। MPC का मूल्य है

(A) 1 (B) 2

(C) 0·8 (D) 0·2

9. On a diagram, the distance between the point of origin and the point on *Y*-axis from which the consumption curve starts is a measure of

(A) saving (B) income

(C) fixed consumption (D) disposable income 1

रेखाचित्र पर मूलबिन्दु तथा जहाँ से *Y*-अक्ष पर उपभोग वक्र आरम्भ होता है के बीच की दूरी _____ का माप है।

(A) बचत (B) आय

(C) स्थिर उपभोग (D) प्रयोज्य आय

10. Investment multiplier is equal to

(A) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$ (B) $\frac{1}{1 - \text{MPC}}$

(C) $\frac{1}{\text{MPS}}$ (D) All of the above 1

निवेश गुणक बराबर है

(A) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$ (B) $\frac{1}{1 - \text{MPC}}$

(C) $\frac{1}{\text{MPS}}$ (D) उपरोक्त सभी

11. Using step deviation method, calculate arithmetic mean from the data given below : 3

Age (in years)	20–30	30–40	40–50	50–60
No. of Employees	20	30	40	10

पद विचलन विधि द्वारा निम्नलिखित आँकड़ों से समान्तर माध्य की गणना कीजिए :

आयु (वर्षों में)	20–30	30–40	40–50	50–60
कर्मचारियों की संख्या	20	30	40	10

12. What is meant by positive and normative economics? Give *one* example of each. 3

वास्तविक और आदर्श अर्थशास्त्र से क्या अभिप्राय है? प्रत्येक का **एक-एक** उदाहरण दीजिए।

13. How is the demand for a commodity affected by an increase in price of related goods? Explain. 3

संबंधित वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होने पर किसी वस्तु की माँग कैसे प्रभावित होती है? समझाइये।

14. Coefficient of price elasticity of supply of a good is 2. A producer supplies 200 units of this good when its price is ₹ 10 per unit. Calculate the quantity supplied of this good when its price rises to ₹ 12 per unit. 3

एक वस्तु का आपूर्ति कीमत लोच गुणांक 2 है। एक उत्पादक इस वस्तु की ₹ 10 प्रति इकाई कीमत पर 200 इकाइयों की आपूर्ति करता है। इस वस्तु की कीमत बढ़कर ₹ 12 प्रति इकाई होने पर इसकी आपूर्ति की मात्रा की गणना कीजिए।

15. Describe any *three* main characteristics of monopolistic competition. 3

एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता की किन्हीं **तीन** मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

16. Calculate gross value added at factor cost from the data given below : 3

		₹ (in lakhs)
(i)	Sales	3,000
(ii)	Subsidies	30
(iii)	Indirect taxes	100
(iv)	Intermediate consumption expenditure	1,500
(v)	Consumption of fixed capital	200
(vi)	Opening stock	20
(vii)	Closing stock	10

निम्नलिखित आँकड़ों से साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि की गणना कीजिए :

		₹ (लाख में)
(i)	बिक्री	3,000
(ii)	आर्थिक सहायता	30
(iii)	अप्रत्यक्ष-कर	100
(iv)	मध्यवर्ती उपभोग व्यय	1,500
(v)	अचल पूँजी का उपभोग	200
(vi)	आरम्भिक स्टॉक	20
(vii)	अंतिम स्टॉक	10

17. Explain the meaning of 'normal residents' of a country. 3

किसी देश के 'सामान्य निवासी' का अर्थ समझाइए।

18. Describe any *two* factors which determine propensity to consume in an economy. 3

ऐसे किन्हीं **दो** कारकों का वर्णन कीजिए, जो एक अर्थव्यवस्था में उपभोग प्रवृत्ति को निर्धारित करते हैं।

19. What is meant by revenue receipts and capital receipts in a government budget? Give *one* example of each. 3

सरकार के बजट में 'राजस्व प्राप्तियों' तथा 'पूँजीगत प्राप्तियों' से क्या अभिप्राय है? प्रत्येक का **एक-एक** उदाहरण दीजिए।

20. Calculate *(a)* revenue deficit, *(b)* fiscal deficit and *(c)* primary deficit from the following data : 3

		₹ (in billion)
(i)	Revenue expenditure	40
(ii)	Revenue receipts	30
(iii)	Borrowings	15
(iv)	Interest payments	5
(v)	Capital receipts	20

निम्नलिखित आँकड़ों से *(a)* राजस्व घाटा, *(b)* राजकोषीय घाटा तथा *(c)* प्राथमिक घाटा की गणना कीजिए :

		₹ (अरब में)
(i)	राजस्व व्यय	40
(ii)	राजस्व प्राप्तियाँ	30
(iii)	ऋण	15
(iv)	ब्याज भुगतान	5
(v)	पूँजीगत प्राप्तियाँ	20

21. What is a Lorenz curve? Explain the steps involved in drawing a Lorenz curve. 4

लॉरेंज वक्र क्या होता है? लॉरेंज वक्र खींचने में प्रयुक्त चरण समझाइए।

22. What is an economic problem? Why does it arise? Explain. 4

आर्थिक समस्या क्या होती है? यह क्यों उत्पन्न होती है? समझाइए।

23. A household demands 20 units of a good when its price is ₹ 5 per unit. When its price falls to ₹ 4 per unit, he demands 25 units of this good. Calculate its price elasticity of demand. 4

एक परिवार किसी वस्तु की ₹ 5 प्रति इकाई कीमत पर इसकी 20 इकाइयों की माँग करता है। जब इसकी कीमत कम होकर ₹ 4 प्रति इकाई हो जाती है, तो वह इसकी 25 इकाइयों की माँग करता है। वस्तु की माँग की कीमत लोच की गणना कीजिए।

24. State the necessary conditions to maximize profit of a producer through—

(a) total revenue and total cost approach;

(b) marginal cost and marginal revenue approach. 4

एक उत्पादक के लाभ को अधिकतम करने की आवश्यक शर्तों का उल्लेख कीजिए—

(क) कुल आगम और कुल लागत विधि द्वारा;

(ख) सीमान्त लागत और सीमान्त आगम विधि द्वारा।

25. What is meant by excess demand in macroeconomics? How is the bank rate used as a tool to reduce excess demand in the economy? 4

समष्टि अर्थशास्त्र में 'आधिक्य माँग' से क्या अभिप्राय है? अर्थव्यवस्था में आधिक्य माँग को कम करने के लिये बैंक दर को एक उपकरण के रूप में कैसे प्रयोग किया जाता है?

26. What is meant by increase in supply? State any *two* factors which may lead to increase in supply of a commodity. 4

'आपूर्ति में वृद्धि' से क्या अभिप्राय है? ऐसे किन्हीं **दो** कारकों का उल्लेख कीजिए, जिनसे किसी वस्तु की आपूर्ति में वृद्धि हो सकती है।

27. Using assumed mean method, find out standard deviation from the following frequency distribution : 6

Size	0–2	2–4	4–6	6–8	8–10	10–12
Frequency	2	4	6	4	2	6

कल्पित माध्य विधि का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित आवृत्ति वितरण से मानक विचलन ज्ञात कीजिए :

आकार	0–2	2–4	4–6	6–8	8–10	10–12
आवृत्ति	2	4	6	4	2	6

28. Describe any *four* issues to be kept in mind in the construction of index numbers. 6

ऐसी किन्हीं **चार** बातों का वर्णन कीजिए, जो सूचकांकों की रचना करते समय ध्यान में रखनी चाहिए।

29. A consumer consumes two goods *X* and *Y*. Explain the conditions of his equilibrium using indifference curve approach. 6

एक उपभोक्ता दो वस्तुओं *X* तथा *Y* का उपभोग करता है। अनधिमान वक्र विधि का प्रयोग करते हुए उसके संतुलन की शर्तें समझाइए।

30. State and explain the law of variable proportions. Use diagram or a numerical example. 6

'परिवर्ती अनुपातों का नियम' का उल्लेख कर इसकी व्याख्या कीजिए। रेखाचित्र अथवा संख्यात्मक उदाहरण का प्रयोग कीजिए।

31. Calculate gross domestic product at market price from the data given below : 6

		₹ (in crores)
(i)	Subsidies	40
(ii)	Indirect taxes	140
(iii)	Mixed income of self-employed	15,000
(iv)	Compensation of employees	9,000
(v)	Consumption of fixed capital	500
(vi)	Net factor income to abroad	20
(vii)	Profit	3,000
(viii)	Interest	1,500
(ix)	Rent	2,000

निम्नलिखित आँकड़ों से बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना कीजिए :

		₹ (करोड़ में)
(i)	आर्थिक सहायता	40
(ii)	अप्रत्यक्ष-कर	140
(iii)	स्वनियोजितों की मिश्रित आय	15,000
(iv)	कर्मचारियों का पारिश्रमिक	9,000
(v)	अचल पूँजी का उपभोग	500
(vi)	विदेशों को निवल साधन आय	20
(vii)	लाभ	3,000
(viii)	ब्याज	1,500
(ix)	लगान	2,000

32. Describe the following functions of money : 6

(a) Medium of exchange

(b) Store of value

मुद्रा के निम्नलिखित कार्यों का वर्णन कीजिए :

(क) विनिमय का माध्यम

(ख) मूल्य-संग्रह

★ ★ ★